## गांधी जयंती सप्ताह में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

## प्रो. भालचंद्र मुणगेकर और कुलपति प्रो. कारुण्यकरा ने विजेताओं को किया सम्मानित

वर्धा, 04 अक्टूबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी जयंती सप्ताह 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक मनाया गया। सप्ताह के अंतर्गत आयोजित निबंध, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद-विवाद एवं घोष वाक्य आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्रों का वितरण गांधी जयंती के दिन




02 अक्टूबर को गालिब सभागार में आयोजित 'ज्ञान, शांति, मैत्री और गांधी' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाने-माने शिक्षाविद् राज्यसभा एवं योजना आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. भालचंद्र मुणगेकर एवं

कुलपति प्रो. लेल्ला कारुण्यकरा के हाथों किया गया। 'वर्तमान समय में गांधीजी के विचारों की प्रासंगिता' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार स्नातक, हिंदी साहित्य के गोविंद कुमार, द्वितीय पुरस्कार स्नातक, हिंदी साहित्य के बलवंत कुमार ने तथा तृतीय पुरस्कार परास्नातक, अनुवाद के रॉबीन ठाकुर ने प्राप्त किया। 'महात्मा गांधी के





जीवन एवं दर्शन' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी.ए. इतिहास के मो. सोहेल अली को प्रथम, बी.ए. राजनीतिविज्ञान के सूरज को द्वितीय तथा पी-एच.डी बौद्ध अध्ययन के फिरोज नंदा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। 'सदन की राय में अहिंसा से ही विश्व शांति संभव है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार गौरव चौहान ने, द्वितीय पुरस्कार राहुल कुमार ने एवं तृतीय पुरस्कार शिरोमणी शर्मा ने प्राप्त किया। घोष वाक्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओंकार नरेश बुढे ने, द्वितीय स्थान हर्ष गुप्ता ने एवं तृतीय स्थान रणवीर कुमार ने प्राप्त किया। 'गांधी जीवन एवं दर्शन तथा स्वच्छता ही सेवा' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 7 का प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमश: सोहम लभाने, श्रीती सौरभ गुप्त एवं मृदुला अनिल बुरबुरे ने प्राप्त किया। कक्षा 8 से 10 का प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमश: अर्थव देशमुख, मनस्वी एवं विकास प्रजापती ने प्राप्त किया तथा कक्षा 11 से स्नातक तक की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमश: हर्ष गुप्ता, अपूर्वा तायडे एवं दीपक कुमार ने प्राप्त किया। 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में परास्नातक, अनुवाद के रॉबीन ठाकुर ने प्रथम, परास्नातक, हिंदी साहित्य के अजय पोद्दार ने द्वितीय तथा स्नातक, जनसंचार की वेदिका मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेताओं के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. कारुण्यकराने शुभकामनाएं दी।

---

**मराठी :**

**गांधी जयंती सप्ताहात विविध स्पर्धांचे आयोजन**

**प्रो. भालचंद्र मुणगेकर आणिकुलपति प्रो. कारुण्यकरा यांनी विजेत्यांना केले पुरस्कृत**

वर्धा, 04 ऑक्टोबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात रौप्यमहोत्सवी वर्षानिमित्त स्मरणार्थ 26 सप्टेंबर ते 3 ऑक्टोबर दरम्यान गांधी जयंती सप्ताह साजरा करण्यात आला. 2 ऑक्टोबर रोजी गालिब सभागृहात आयोजित 'ज्ञान, शांती, मैत्री आणि गांधी' या विषयावरील राष्ट्रीय चर्चासत्रात सप्ताहा अंतर्गत आयोजित निबंध, प्रश्नपत्रिका, चित्रकला, वादविवाद आणि घोष वाक्य आदी स्पर्धांमधील विजेत्यांना प्रमाणपत्रांचे वितरण गांधी जयंतीच्या समारोप कार्यक्रमाला प्रमुख पाहुणे म्हणून उपस्थित प्रसिद्ध शिक्षणतज्ञ, राज्यसभा व नियोजन आयोगाचे माजी सदस्य प्रो. भालचंद्र मुणगेकर आणि कुलगुरू प्रो. कारुण्यकरा यांच्या हस्ते करण्यात आले. 'वर्तमान काळात गांधी विचारांची प्रासंगिता' या विषयावर निबंध स्पर्धेचा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार अनुक्रमे गोविंद कुमार, बलवंत कुमार आणि रॉबिन ठाकूर यांनी पटकाविला. 'महात्मा गांधी यांचे जीवन व तत्वज्ञान' या विषयावरील प्रश्नमंजुषा स्पर्धेत मो. सोहेल अली, सूरजला व फिरोज नंदा यांना अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय पारितोषिक प्रदान करण्यात आले. अहिंसेतूनच विश्व शांती शक्य आहे' या विषयावरील वादविवाद स्पर्धेत प्रथम पारितोषिक गौरव चौहान, द्वितीय राहुल कुमार तर तृतीय पारितोषिक शिरोमणी शर्मा यांनी पटकावले. घोषवाक्य स्पर्धेत ओंकार नरेश बुढे, हर्ष गुप्ता व रणवीर कुमार यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त केले. 'गांधी जीवन व तत्वज्ञान आणि स्वच्छता हीच सेवा' या विषयावरील चित्रकला स्पर्धेत इयत्ता ५वी ते ७वीच्या सोहम लभाने, श्रीती सौरभ गुप्ते व मृदुला अनिल बुरबुरे यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमांक पटकावला. इयत्ता 8 वी ते 10 वी मधील प्रथम, द्वितीय आणि तृतीय क्रमांक अनुक्रमे अर्थव देशमुख, मनस्वी आणि विकास प्रजापती यांनी मिळविला आणि इयत्ता 11वी ते पदवीपर्यंतच्या गटात हर्ष गुप्ता, अपूर्वा तायडे आणि दीपक कुमार यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय आणि तृतीय क्रमांक पटकावला. 'स्वच्छता हीच सेवा' या विषयावरील निबंध स्पर्धेत रॉबिन ठाकुर, अजय पोद्दार आणि वेदिका मिश्रा यांनी अनुक्रमे स्थान प्रथम, द्वितीय आणि तृतीय क्रमांक पटकावले. विजेत्यासह सर्व सहभागी स्पर्धकांना कुलगुरू प्रो. कारुण्यकरा यांनी शुभेच्छा दिल्या.


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305